दुर्घटना | घायल को ले जाने के लिए डेढ़ घंटे बाद मिली एंबुलेंस, एक जिला चिकित्सालय शहडोल रेफर

# दो बाईकों की आमने-सामने भिड़ंत, 2 घायल





**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** जिले के पुष्पराजगढ़ तहसील मुख्यालय के ग्राम धनपुरी के तिराहा में रविवार की दोपहर दो बाईक आमने-सामने टकरा गई जिसमे एक चालक 10 फीट दूर जाकर गिरा जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया, वहीं दूसरा चालक घायल हैं।

जानकारी अनुसार पुष्पराजगढ़ तहसील मुख्यालय के ग्राम धनपुरी के तिराहा में दो बाईक आमने-सामने की टक्कर से दो पहिया वाहन चालक 25 वर्षीय राहुल सिंह ग्राम पोड़की 10 फीट दूर जाकर गिरा, जिसके सिर एवं कान में गंभीर चोट आई। दूसरा चालक 22 वर्षीय अरविन्द मरावी एवं दीपक नायक दोनों के हाथ पैर में चोट लगने से घायल हो गये।

### घायल राहुल सिंह की स्थिति नाजुक

इस दौरान गुजर रहे राहगीरो ने 108 डायल कर एम्बुलेंस बुलाया और घायलों को एम्बुलेंस बैठा कर अस्पताल भिजवाया। जिसका प्राथमिक ईलाज के गंभीर रूप घायलों को रेफर किया गया। इसके बाद एम्बुलेंस बुलाई गई जिसके चालक ने बताया कि इस एंबुलेंस का स्टयेरिंग जाम है, यह है किरर घाट नहीं उतर पाएगी, इसके बाद डॉक्टर ने काफी देर तक एंबुलेंस के लिए 108 पर फोन लगाने के बाद डेढ़ घंटे बाद दूसरी एम्बुलेंस आई तब जिला चिकित्सालय शहडोल रेफर किया गया। घायल राहुल सिंह की स्थिति नाजुक बताई जा रही है।

## तलवार लहराते बदमाश गिरफ्तार



जिला मुख्यालय की पुलिस ने सड़क पर धारदार तलवार लेकर गुण्डागर्दी कर रहें सूचीबद्ध 40 वर्षीय गुण्डा को रंगे हाथो धारदार तलवार के साथ पकड़ा जाकर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए गिरफ्तार किया हैं। पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान ने सूचीबद्ध गुण्डा बदमाश को जिला बदर कराये जाने हेतु आदेशित किया है।

### आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज

पुलिस के अनुसार रविवार की दोपहर मुखबिर की सूचना पर पटौराटोला में सड़क पर धारदार तलवार लेकर गुण्डागर्दी कर रहे पूर्व सूचीबद्ध गुण्डा बदमाश रवि यादव पुत्र नर्मदा प्रसाद यादव निवासी अनूपपुर को रंगे हाथो धारदार तलवार के साथ पकड़ा कर आर्म्स एक्ट के तहत कार्यवाही करते हुए थाना कोतवाली में धारा आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया है।







# विधवा महिला का चाय ठेला हटाया

**नपा की कार्यवाही पर उठने लगे सवाल, नागरिकों ने जताया विरोध**

**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** नगर पालिका परिषद अनूपपुर के वार्ड क्रमांक-1 में स्थित प्राचीन शिव मारुति मंदिर के निकट चाय का ठेला लगाकर परिवार का भरण-पोषण करने वाली विधवा विमला राठौर की रोजी-रोटी पर नपा की कार्रवाई ने स्थानीय स्तर पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

जानकारी के अनुसार नगर पालिका ने कुछ समय पहले उनका चाय ठेला हटा दिया, जिसके बाद असहाय महिला लगातार स्थानीय प्रतिनिधियों से अपनी वेदना बताती रही, परंतु किसी ने उनकी बात नहीं सुनी। निराश होकर महिला ने डायल 181 में अपनी शिकायत दर्ज कराई।

### शिकायत वापस लेने राजस्व निरीक्षक बना रहे दबाव

आरोप है कि जांच की सूचना मिलते ही नगर पालिका परिषद में पदस्थ राजस्व निरीक्षक ने समस्या समाधान के बजाय पीड़ित महिला पर दबाव बनाना शुरू कर दिया कि वह शिकायत वापस ले ले, अन्यथा गरीबी रेखा के अंतर्गत मिलने वाली योजनाओं से उसे वंचित कर दिया जाएगा। यह कार्रवाई न केवल अमानवीय है, बल्कि प्रशासनिक आचरण पर भी गंभीर प्रश्न खड़े करती है।

### नपा अध्यक्ष से हस्तक्षेप की मांग

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि वार्ड की ही पार्षद एवं नगर पालिका अध्यक्ष, जो स्वयं महिला नेतृत्व की प्रतिनिधि हैं, इस मामले में तुरंत हस्तक्षेप करें और महिला को उसी स्थान पर चाय ठेला लगाने की अनुमति दिलाएं, जहां वह पूर्व में अपना व्यवसाय करती थी। पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर संबंधित राजस्व निरीक्षक पर वैधानिक कार्रवाई की मांग भी की गई है।

## महापौर गुरूकुल के 1 हजार बच्चों ने देखी ''120 बहादुर'' फिल्म



**नवभारत, जबलपुर।** महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' की अनूठी पहल और महापौर गुरूकुल के बच्चों से किये वादे के अनुरूप सिविक सेन्टर स्थित समदड़िया मॉल में नगर निगम के शालाओं में अध्ययनरत लगभग 2 हजार बच्चों में से पहले दिन शनिवार को 1 हजार छात्र-छात्राओं के साथ-साथ नेत्रहीन विद्यालय की 30 छात्राओं को भारत चीन युद्ध पर आधारित फिल्म ''120 बहादुर'' दिखाई गई। फिल्म के दौरान बच्चों ने बड़े ध्यान से भारतीय वीरों की गाथा को अपने दिल में सहेजा और जाना कि उनका त्याग और बलिदान हम सबके लिए कितना प्रेरणा पूर्ण है। देशभक्ति फिल्म ''120 बहादुर'' बच्चों को दिखाने महापौर हॉल में जैसे ही पहुंचे वैसे ही सभी बच्चों ने आनंद से भरे मुस्कुराते हुए बड़ी गर्मजोशी से खड़े होकर महापौर जगत बहादुर सिंह ''अन्नू'' का खुशी से तालियां बजाकर स्वागत किया और इस अनुकरणीय पहल एवं नवाचार के लिए हृदय से सभी बच्चों ने महापौर के प्रति आभार व्यक्त किया।



### जया को पीएचडी

**नवभारत,जबलपुर।** रवीन्द्रनाथ टैगोर विवि भोपाल द्वारा जया चतुर्वेदी को शिक्षा संकाय के अंतर्गत पीएचडी प्रदान की गई। आपने डॉ. ब्रजेश कुमार शर्मा एवं डॉ. निवेदिता पॉल के मार्गदर्शन में शोध कार्य किया। आप चंद्रप्रभा चतुर्वेदी की पुत्रवधू एवं एडवोकेट आशुतोष चतुर्वेदी की पत्नी हैं।

## हम सब एक बताने कांग्रेस नेताओं की तस्वीर वायरल

**▶ गुटबाजी और वर्चस्व को लेकर चल रही खींचतान को छिपाने का प्रयास**



**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** जिले के वरिष्ठ और समर्पित नेताओं ने जनता को पार्टी के अंदर सब कुछ ठीक चल रहा है, दिखाने के लिए कांग्रेस नेताओं की एक साझा तस्वीर सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इस तस्वीर में कांग्रेस के विधायक फुन्देलाल सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष रमेश सिंह, कोतमा पूर्व विधायक सुनील सराफ, आशीष त्रिपाठी और पिछड़ा वर्ग कांग्रेस जिला अध्यक्ष रजन कुमार राठौर एक साथ दिख रहें हैं।

हालांकि, इस तस्वीर को लेकर लोगों का कहना है कि यह अंदरखाने गुटबाज़ी, टांग खींचाई और वर्चस्व को लेकर चल रही खींचतान को छिपाने का प्रयास है। तस्वीर को लेकर लोगों के बीच चर्चाओं का भी दौर शुरू हो गया हैं।

### लोगों ने कहा- तस्वीर महज एक दिखावा है

सोशल मीडिया में इसे लेकर तरह-तरह की टिप्पणी कर रहे। लोगों ने कहां कि यह महज कोई संयोग हो सकता है कि किसी यात्रा के दौरान कही मुलाकात हो गई हो, तो कोई कहता हैं की यह तस्वीर संदेह पैदा कर रही है कप्यूटर तकनीकी का इस्तेमाल कर तो नहीं बनाया गया है। कुछ लोगों का कहना है कि यह तस्वीर महज एक दिखावा है, और अंदरखाने गठबंधन में तनाव है।

## एक नजर में



### होटल में मारपीट व तोड़फोड़, 3 गिरफ्तार

**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** जिला मुख्यालय की पुलिस ने दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने वाले 3 को रविवार को गिरफ्तार किया हैं। कोतवाली पुलिस ने बताया कि गत दिनों अनूपपुर नगर के होटल में 3 युवकों ने दुकान में घुसकर मारपीट और तोड़फोड़ करने की शिकायत दुकान के संचालक ने लिखाई थी, जिस पर कोतवाली पुलिस ने होटल संचालक की शिकायत पर अरोपियों के खिलाफ मामला पंजीबद्ध किया कर तलाश प्रारंभ कर दी है। रविवार को टीआई. कोतवाली के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक संतोष कुमार वर्मा की टीम द्वारा तीनों आरोपियों विकास सिंहं महेन्द्र सिहं एवं नितिन द्विवेदी को को गिरफ्तार किया गया।

### स्कूटी से शराब तस्करी करते 1 गिरफ्तार

**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** जिले की चचाई पुलिस ने रविवार को बरगवां कैल्हौरी क्षेत्र में स्कूटी से अवैध शराब की तस्करी करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ कार्रवाई की है। पुलिस ने 17 लीटर अवैध शराब व वाहन जब्त कर लिया हैं।पुलिस ने बताया कि रविवार को मुखबिर से सूचना मिली कि बरगवां कैल्हौरी की तरफ से एक व्यक्ति स्कूटी पर अवैध शराब बिक्री के लिए ले जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ग्राम कैल्हौरी पहाड़ी के पास स्कूटी को रोका, जिसमें एक बोरी की तलाशी लेने पर उसमें 17 लीटर अवैध शराब मिली चालक 27 वर्षीय रघुवीर सिंह राजपूत मूल रूप से मझगवां, जबलपुर का निवासी है और वर्तमान में चंद्रास टोला, अनूपपुर में रहता है। पुलिस ने वाहन और शराब को जब्त करते हुए कुल कीमत 92 हजार 800 रुपए आंकी गई है। आरोपी रघुवीर सिंह राजपूत अवैध शराब परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज पेश नहीं कर सका। इसके बाद आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मामला दर्ज कर कार्रवाई की गई।



### विज्ञान उत्सव में विद्यार्थियों ने दिखाया नवाचार का जज़्बा

**नवभारत,जबलपुर।** श्री राम महाविद्यालय में विज्ञान विभाग के तत्वावधान में 22 नवंबर 2025 को प्रज्ञान 1.0 कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा और नवाचार को प्रोत्साहन देना था। मुख्य वक्ता प्रो. सरदूल सिंह संधू (विभागाध्यक्ष, बायोसाइंस एवं डायरेक्टर, बायोडिज़ाइन इनोवेशन सेंटर, रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय) ने विज्ञान की सामाजिक उपयोगिता पर जोर देते हुए कहा कि विज्ञान का उद्देश्य केवल ज्ञान अर्जन नहीं, बल्कि समाज के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करना है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्राचार्य डॉ. भरत सोलंकी ने की। कार्यक्रम का सफल संयोजन डॉ. वर्षा दुबे के मार्गदर्शन में हुआ, जिसमें विभाग के सभी प्राध्यापकों एवं तकनीकी स्टाफ का सहयोग रहा।

# सामान्य ज्ञान परीक्षा में शामिल हुए 580 विद्यार्थी

**बिरसा मुंडा जयंती के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित**



**कोतमा नवभारत 23 नवंबर।** बिरसा मुंडा की 150वीं जयंती के उपलक्ष में सरस्वती विद्यालय बाजार शाखा कोतमा में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद द्वारा सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नगर के विभिन्न शासकीय एवं निजी स्कूलों के 580 छात्र-छात्राए शामिल हुए। प्रतियोगिता का उद्देश्य छात्र-छात्राओं को अपने महापुरुषों के त्याग और राष्ट्र के प्रति उनके योगदान को लेकर प्रेरित करना और अधिक से अधिक जानकारी प्रदान करना था। अखिल भारतीय परिषद हमेशा ही छात्र हित से जुड़े विषयों को क्रियान्वित करती आई है

शनिवार को हुई प्रतियोगिता को लेकर छात्र-छात्राओं में जमकर उत्साह देखा गया। कोतमा क्षेत्र के कक्षा नवमी से 12वीं तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

### परिणाम के बाद विद्यार्थियों को सम्मानित किया जाएगा

आयोजन के बारे मे शुभम ताम्रकार ने बताया कि आगामी दिनों में रिजल्ट आने के बाद प्रतियोगिता में अच्छे प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को सम्मानित भी किया जाएगा। प्रथम स्थान आने पर स्मार्टफोन, दूसरे रेंजर साइकिल एवं तीसरे पर स्मार्ट वॉच प्रदान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त अच्छे अंक प्राप्त करने वाले सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### तनाव नियंत्रण के महत्व पर जोर

**नवभारत, जबलपुर।** विश्व मधुमेह दिवस पर मुख्यालय मध्य भारत एरिया के तत्वावधान में सैन्य अस्पताल, जबलपुर में मधुमेह और स्वास्थ्य विषय पर जागरूकता व्याख्यान श्रृंखला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सशस्त्र बलों के सभी रैंकों व परिवारों में स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित कार्य वातावरण और तनाव प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। एमसीएमएम सभागार से शुरू हुई श्रृंखला सैन्य अस्पताल के दुर्घटना एवं आपातकालीन परिसर में जारी रही, जहाँ वरिष्ठ सलाहकार (चिकित्सा) कर्नल पी.एन. गुप्ता ने मधुमेह के चिकित्सीय पहलुओं और निवारक उपायों की जानकारी दी।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले 3 बीएलओ सम्मानित

**अपर कलेक्टर ने बाइक से एसआईआर कार्य का किया निरीक्षण**



**कोतमा नवभारत 23 नवंबर।** जिले के कोतमा विधानसभा अंतर्गत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण अभियान का कार्य संचालित किया जा रहा है। कोतमा विधानसभा अंतर्गत 202 बूथों पर बीएलओ एवं अन्य द्वारा डोर टू डोर जाकर गणना पत्रक भरवाने का कार्य जारी है। कोतमा विधानसभा के 3 मतदान केंद्र में बीएलओ सक्रियता पूर्वक 100 प्रतिशत कार्य पूरा कर दिया गया है, जिस पर तीनों बीएलओ को सम्मानित किया गया। एसआईआर कार्य का निरीक्षण करने रविवारको अपर कलेक्टर ने बाइक से घूमकर निरीक्षण किया।

### डिजिटलाइजेशन का 100 प्रतिशत कार्य पूर्ण किया

मतदान केंद्र क्रमांक 79 देवगवा बीएलओ आम्रकेश शुक्ला ने 663 मतदाता, मतदान केंद्र 152 बंनगवा नीलेश कुमार ने 362 एवं मतदान केंद्र 165 डूमर कछार के 239 मतदाताओ के नाम को बीएलओ नरेंद्र देवांगन ने सूची में जोड़ते हुए डिजिटलाइजेशन का कार्य 100 प्रतिशत पूर्ण किया गया।

### सभी वार्डो एवं बूथों का किया भ्रमण

निर्वाचन आयोग ने समय पर मतदाता सूची पत्रक भरे जाने के निर्देश जारी किया है। जिसकी मॉनिटरिंग के लिए रविवार को अपर कलेक्टर दिलीप पांडे ने कोतमा नगर के सभी वार्डो एवं बूथों का भ्रमण किया। सासाहिक बाजार होने के कारण बाइक से भी पूरे दिन फील्ड में निरीक्षण कर जायजा लेते रहे। इस दौरान आरके तिवारी, रवि सोनी सहित अन्य लोग भी मौजूद रहे।

आयोजन | ग्राम बदरा में कार्यक्रम आयोजित, विद्यालयों के 150 बच्चों ने दी शानदार प्रस्तुतियां

# सांस्कृतिक संध्या में विद्यार्थियों ने बिखेरे कला के रंग



**अनूपपुर नवभारत 23 नवंबर।** ग्राम बदरा महामाया मंदिर के प्रांगण में आयोजित सांध्य सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन शनिवार को भव्य रूप से संपन्न हुई। महामाया पंडाल में दोपहर से प्रारम्भ हुए इस कार्यक्रम में स्थानीय विद्यालयों के 150 बच्चों ने अपना कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जहां सभी ने विविध रंगारंग कार्यक्रम का आनंद लिया। बच्चों ने ग्रामीण कला-संस्कृति की झलक पेश की।

कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक समिति द्वारा किया गया, जो पिछले 18 वर्षों से समिति के सचिव नूर मोहम्मद तन्हा के नेतृत्व में बच्चों की सांस्कृतिक गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित करती आ रही है। रंगारंग कार्यक्रम में प्रथम स्थान संदीपनी विद्यालय और कमल पब्लिक स्कूल को प्राप्त हुआ। अन्य विद्यालयों के बच्चों ने भी विभिन्न नाट्य, डांस आदि प्रस्तुत किए।

### शिक्षा के साथ चौमुखी विकास आवश्यक : त्रिपाठी

महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने अपने संबोधन में कहा कि बच्चों का शिक्षा के साथ चौमुखी विकास आवश्यक है। इसलिए शिक्षकों को भी निरंतर प्रशिक्षण लेकर स्वयं को अपग्रेड करना चाहिए। उन्होंने बताया कि एसईसीएल द्वारा जिले के 84 विद्यालयों में स्मार्ट क्लासेस के लिए सहयोग दिया गया है। पिछले वर्ष बदरा में जलापूर्ति व्यवस्था कराई गई थी, और इस वर्ष भी दो नए विकास कार्यों को स्वीकृति दी गई है।

### विजेताओं को किया गया सम्मानित

सांस्कृतिक संध्या में आसपास के सभी विद्यालयों के बच्चों ने नृत्य, नाटक, गीत और लोक-संस्कृति आधारित कार्यक्रम प्रस्तुत किए। सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को स्मृति चिन्ह, पुरस्कार और प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। समिति, जनप्रतिनिधि, स्कूल प्रबंधन, ग्रामीण महिलाएँ और युवा पूरे समय आयोजन में सक्रिय रूप से शामिल रहे। ग्रामीणों ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रमों से बच्चों की प्रतिभा निखरती है और समाज में सकारात्मक वातावरण बनता है।

### इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि एसईसीएल के महाप्रबंधक प्रभाकर राम त्रिपाठी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए शिक्षकों एवं अभिभावकों को बधाई दी। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में निर्णायक मंडल के सदस्य अंकुर सिंह, समाजसेवी पंकज श्याम, शैलेन्द्र विश्वकर्मा, हरद सरपंच सुरेंद्र सिंह, रोमा सिंह, दिनेश सिंह, तितरीपौड़ी सरपंच रामचरण सिंह, शिवभान सिंह सरपंच, गौरीशंकर बैगा, लाला तिवारी, मनमोहन, अजय नामदेव, मोहम्मद मोइन, लक्ष्मीनारायण अग्रवाल, बेलाल अहमद आदि उपस्थित रहे।